कार्यालय
निदेशक, आयुर्वेदिक एवं यूनानीसेवायें,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या– 8758 /जी–329–II/2024–25, दिनांक–23 दिसम्बर 2024

## विज्ञप्ति

आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवा विभाग उत्तराखण्ड़ के अधीन राज्य के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में आयुर्वेदिक पंचकर्म सहायक (पंचकर्म टैक्नीशियन) के रिक्त 112 महिला के पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र आभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पदों का विवरण एवं अन्य समस्त जानकारी विभाग की वेबसाईट www.uttarakhandayurved.co.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र दिनांक–28 फरवरी 2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें उत्तराखण्ड़, डाण्डा लखौण्ड़ निकट–आईटी पार्क सहत्रधारा रोड़, देहरादून के कार्यालय में पंजीकृत डाक के माध्यम से स्वीकार किये जायेगें।

23/12/24
(डा0 विजय कुमार जोगदण्डे (IAS))
निदेशक

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय
निदेशक, आयुर्वेदिक एवं यूनानीसेवायें,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या– 8759 /जी–329–II/2024–25, दिनांक–23 दिसम्बर 2024

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड शासन, आयुष एवं आयुष शिक्षा अनुभाग के 1753/XL-1/2024-01/2011 (E76659) दिनांक–21 नवम्बर 2024 के अनुक्रम में "उत्तराखण्ड़ आयुर्वेदिक पंचकर्म सहायक (पंचकर्म टैक्नीशियन) सेवा नियमावली 2015" व "उत्तराखण्ड़ आयुर्वेदिक पंचकर्म सहायक (पंचकर्म टैक्नीशियन) (संशोधन) सेवा नियमावली 2016" में निहित प्राविधानों के अनुसार राज्य के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में पंचकर्म सहायक (पंचकर्म टैक्नीशियन) के (वेतन मैट्रिक्स रू0 5200–20200 लेबल–4) 112 महिला के रिक्त पदों पर नियमानुसार नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं।

**रिक्त पदों का विवरण एवं क्षैतिज आरक्षण की स्थिति :–**

**पंचकर्म सहायक (पंचकर्म टैक्नीशियन) महिला**

| क्र0 सं0 | श्रेणी | रिक्त पदों की संख्या | दिव्यांगजन (4%) | भूतपूर्व सैनिक (5%) | स्व0 सं0 से0 के आश्रित (2%) | उत्तराखण्ड़ राज्य के अनाथ बच्चे (5%) | कुशल खिलाड़ी (4% | उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी या उनके आश्रित (10%) | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनु0जाति | 21 | | | | 01 | 01 | 02 | 17 |
| 2 | अनु0जनजाति | 05 | | | | 00 | 00 | 00 | 05 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 16 | 04 | 05 | 02 | 01 | 01 | 02 | 12 |
| 4 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 11 | | | | 00 | 00 | 01 | 10 |
| 5 | अनारक्षित | 59 | | | | 03 | 02 | 06 | 48 |
| | योग– | **112** | **04** | **05** | **02** | **05** | **04** | **11** | **92** |

**विज्ञापित पदों की संख्या घट–बढ सकती है।**

(2) **आरक्षण :–** उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुसार आरक्षण अनुमन्य किया जायेगा।

(3)**अर्हतायें :– (अनिवार्य अर्हतायें)**

(क) उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा एवं परीक्षा परिषद/उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद से इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग (बाइलोजी ग्रूप) परीक्षा उतीर्ण हो या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उतीर्ण की हो।

(ख) भारतीय चिकित्सा परिषद् उत्तराखण्ड द्वारा मान्यता प्राप्त आयुर्वेदिक पंचकर्म सहायक (पंचकर्म टैक्नीशियन) का एक वर्ष का डिप्लोमा प्राप्त किया गया हो एवं भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तराखण्ड, देहरादून में पंजीकृत हो।

**अधिमानी अर्हतायें–**

(i) प्रादेशिक सेवा में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो या

(ii) नेशनल कैडिट कोर का "बी" अथवा "सी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो या

(iii) अनिवार्य/वांछनीय अर्हता उत्तराखण्ड़ लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत तथा लोक सेवा आयोग की परिधि के वाहर समूह "ग" के पदों की भर्ती के लिए अनिवार्य/वांछनीय अर्हता नियमावली 2010 समय समय पर यथासंशोधित के अनुसार होगी।

(4) अभ्यर्थी का उत्तराखण्ड राज्य में विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से पूर्व किसी सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण होना आवश्यक है। जो अभ्यर्थी आवेदन करने की तिथि को सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवा में हो उन्हें विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 23/12/24.

Scanned with OKEN Scanner

(5) **आयु :–** दिनांक 01 जुलाई, 2024 को अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से कम तथा 42 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अन्य ऐसी श्रेणियों के अभ्यर्थियों के मामले में, जिन्हें सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाये, को शासकीय नियमों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी।

(6) **शुल्क :–** आवेदन पत्र के साथ सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/– का बैंक चालान लेखाशीर्षक 0210– चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 01 शहरी स्वास्थ्य सेवायें, 800– अन्य प्राप्तियाँ, 10–अन्य प्रकीर्ण प्राप्तियाँ आयुर्वेदिक के शीर्षक में जमा होगा, आवेदन पत्र के साथ चालान की मूल प्रति संलग्न करना आवश्यक है। बिना बैंक चालान के आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

(7) **चयन प्रक्रिया :–** उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रख्यापित **"उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक पंचकर्म सहायक (पंचकर्म टैक्नीशियन) सेवा नियमावली 2015"** व **"उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक पंचकर्म सहायक (पंचकर्म टैक्नीशियन) (संशोधन) सेवा नियमावली 2016"** में निहित प्राविधानों के अनुसार चयन, डिप्लोमा उत्तीर्ण करने के वर्षवार योग्यता क्रम (मैरिट) के अनुसार चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा।

(8) **आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :–** निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र " **निदेशक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें उत्तराखण्ड, डाण्ड़ा लखौण्ड सहस्त्रधारा रोड़, निकट आई0टी0 पार्क, देहरादून"** के कार्यालय में दिनांक–28 फरवरी 2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक पंजीकृत डाक से स्वीकार किये जायेगें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् डाक वितरण में विलम्ब या किसी कारण से विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

(9) **अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ निम्न प्रमाण–पत्रों की सत्यापित छायाप्रतियाँ संलग्न करना भी अनिवार्य है–**

1. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्र (सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत एवं आवेदन की तिथि को वैध होना चाहिये)
2. हाई–स्कूल/इण्टरमीडियट प्रमाण–पत्र एवं अंक तालिका।
3. "उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक पंचकर्म सहायक डिप्लोमा का प्रमाण–पत्र एवं अंक तालिका (सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रमाणित प्रति)
4. भारतीय चिकित्सा परिषद्, उत्तराखण्ड में वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र।
5. स्थाई निवास प्रमाण–पत्र।
6. उत्तराखण्ड राज्य के रोजगार/सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण प्रमाण–पत्र।
7. दो चरित्र प्रमाण–पत्र (राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रदत्त)।
8. निर्धारित शुल्क का बैंक चालान मूल रुप में।
9. स्वयं पता लिखा 25X12 से0मी0 के दो लिफाफे जिनमें पंजीकृत डाक टिकट लगें हों।
10. अन्य योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र यदि कोई हों तो।

23/12/24

(डा0 विजय कुमार जोगदण्डे (IAS))
निदेशक

Scanned with OKEN Scanner